an>

Title: Need to construct godowns for cooperative societies by providng 100 percent subsidy.

श्री चाँद नाथ (अलवर): माननीय अध्यक्ष महोदया, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत पहले सहकारिता के तहत गोदामों के निर्माण, पुनर्निर्माण और उनकी मरम्मत के लिए प्रोजेक्ट की लागत का 100 प्रतिशत यानि पूरा का पूरा खर्च सब्सिडी के तौर पर मिलता था। लेकिन आर.के.वी.आई. के दिशा निर्देश 2014 के अनुसार अब प्रोजेक्ट लागत का 25 प्रतिशत ही सहकारी समितियों के गोदामों के निर्माण, पुनर्निर्माण और मरम्मत आदि के लिए दिए जाने का प्रावधान किया गया है। सहकारी समितियों की कमजोर वित्तीय स्थिति को देखते हुए माननीय कृषि मंत्री जी से वर्ष 2014 में माननीय राज्य मंत्री सहकारिता विभाग ने इस उद्देश्य हेतु सौ प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध करवाने का निवेदन किया था, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इस कार्य के लिए माननीय कृषि मंत्री जी को निर्देश दिए जाएं, जिससे कि नए गोदामों का कार्य प्रारम्भ हो सके।

माननीय अध्यक्ष **:**

श्री राहुल कस्वां,

श्री सी.आर.चौधरी,

श्री रामचरण बोहरा,

श्री देवजी एम. पटेल,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री चांद नाथ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।